SYNERGY

आपकी जानकारी के लिए

BSES
BSES Yamuna Power Limited
...a joint venture with GONCTD

मार्च–अप्रैल 2013

सभी उपभोक्ताओं को होली, बैसाखी और ईस्टर के शुभ अवसर पर, बीवाईपीएल की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

हम सभी छात्रों को उनकी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हैं

मुख्यमंत्री ने लॉन्च किया बीवाईपीएल का मिडास सिस्टम

रिसर्च व डेवलपमेंट यानी आरएंडडी के क्षेत्र में महत्पूर्ण पहल करते हुए बीवाईपीएल ने एक अनोखी तकनीक विकसित की है, जिसे मिडास यानी मॉड्युलर इंटिग्रेटेड डिस्ट्रिब्यूशन ऑटोमेशन सिस्टम नाम दिया गया है।

11 फरवरी 2013 को दिल्ली सचिवायल में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली की माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने इसे लॉन्च किया। मिडास एक ऐसी तकनीक है, जिसके इस्तेमाल से बिजली के 11 केवी नेटवर्क के स्वास्थ्य को एक कमरे में बैठकर मॉनिटर किया जा सकता है, फॉल्ट होने से पहले ही उसका पता लगाया जा सकता है, और फॉल्ट होने पर तेजी से उसे दुरूस्त भी किया जा सकता है।

मिडास तकनीक की मदद से न सिर्फ फॉल्ट को ठीक करने में लगने वाले समय में काफी कमी आएगी, बल्कि बिजली की गुणवत्ता भी और बेहतर होगी।

अपने पायलट प्रोजेक्ट के तहत, फिलहाल, बीवाईपीएल ने आईपी एक्सटेंशन इलाके में ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज के 20 ट्रांसफॉर्मरों पर मिडास का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है, जिसके नजीते चौंकाने वाले रहे। इसके शानदार नतीजों को देखते हुए आने वाले दिनों में मयूर विहार फेज 1, 2 व 3 में फैले 200 से अधिक ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज के ट्रांसफॉर्मरों पर मिडास लगाया जाएगा।

अब रविवार को भी करें बिल भुगतान

बीवाईपीएल के सभी 14 डिविजन–ऑफिसों में स्थित बिल भुगतान केंद्र अब सप्ताह के सातों दिन सुबह 8 बजे से रात के 8 बजे तक खुले हैं। उपभोक्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि असुविधा से बचने के लिए, अपने बकाया बिलों और एन्फोर्समेंट ड्यूज का भुगतान करें।

हम हमेशा आपके लिए उपलब्ध हैं, कॉल करें 399 99 808

मुख्यमंत्री ने किया बीवाईपीएल के 53वें ग्रिड का शिलान्यास

बीवाईपीएल अपने 53वें ग्रिड का निर्माण करने जा रही है। यह करोल बाग के पास देशबन्धु गुप्ता रोड पर बनेगा। यह अत्याधुनिक ग्रिड पूरी तरह से ऑटोमैटिक होगा।

24 जनवरी 2013 को दिल्ली की माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने इस ग्रिड का शिलान्यास किया। उनके साथ दिल्ली के माननीय ऊर्जा मंत्री श्री हारून यूसुफ और माननीय परिवहन, चुनाव, कानून, न्याय व विधायी कार्य मंत्री श्री रमाकांत गोस्वामी भी मौजूद थे।

क्या आपने बीवाईपीएल के केवाईसी मुहिम में हिस्सा लिया?

बीवाईपीएल के केवाईसी यानी नो योर कस्टमर (अपने उपभोक्ता को जानें) मुहिम में हिस्सा लें और सरप्राइज गिफ्ट्स पाएं। अपना सीए नंबर, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर हमें ईमेल करें–bypl.customercare@relianceada.com ।

आप अपना डिटेल हमें एसएमएस भी कर सकते हैं। पूर्वी दिल्ली के उपभोक्ता हमें 8010935803 पर एसएमएस कर सकते हैं और मध्य दिल्ली के उपभोक्ता 8010935804 पर एमएमएस भेज सकते हैं।

आपको बेहतर सेवाएं देने में हमारी मदद करें!

अपने सुझाव व विचार हमें इस पते पर भेजें– कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.bsesdelhi.com देखें या कॉल करें +91 11 300–99–999